# समाहरणालय लखीसराय
## महिला एवं बाल विकास निगम,लखीसराय

-विज्ञापन सं0 - 1/25

**वन स्टॉप सेन्टर, लखीसराय के रिक्त पदों पर जिला स्तरीय संविदा आधारित नियोजन हेतु विज्ञापन**

प्रबंध निदेशक, महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार, पटना के पत्रांक– WCDC/2024/23 दिनांक–09.09.2023, पत्रांक–WCDC/2088/23 दिनांक–26.09.2023 एवं पत्रांक–WCDC/2228/23 दिनांक–19.10.2023 के आलोक में वन स्टॉप सेंटर, लखीसराय के संचालन हेतु संविदा आधारित रिक्त पदों पर सुयोग्य अभ्यर्थियों से आमंत्रित किये जाते हैः–

| क्र0 सं0 | पद का नाम | शैक्षणिक अहर्त्ता | कार्य अनुभव तथा प्राथमिकता | पदों की संख्या | कोटि | मूल मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | केस वर्कर (महिला के लिए आरक्षित) | कानून / समाजकार्य / समाजशास्त्र / समाजविज्ञान / मनोविज्ञान में स्नातक | महिलाओं के मुद्दों से संबंधित किसी सरकारी या गैर सरकारी परियोजना / कार्यक्रम मे कार्य करने का कम से कम 3 वर्ष का अनुभव। | 01 | अत्यत पिछड़ा वर्ग | 22,000 / – |

1. अभ्यर्थी भारत के नागरिक होंगे।
2. नियोजन मे सामान्य प्रशासन विभाग के द्वारा लागू आरक्षण का प्रावधान प्रभावी होगा।
3. आरक्षण का लाभ केवल उन्हीं आवेदकों को मिलेगा जिनके पास बिहार का अधिवास है।
4. उम्र सीमा : संविदा पर नियोजन हेतु उम्र सीमा विज्ञापन प्रकाशन की तिथि को निम्नवत होगीः

   अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (महिला) –40 वर्ष

   न्यूनतम आयु विज्ञापन प्रकाशन तिथि को 18 वर्ष एवं अधिकतम उम्र विज्ञापन प्रकाशन की तिथि को 40 वर्ष से अधिक नही होना चाहिए
5. अनुभव की अवधि की गणना एवं उम्र की गणना प्रयोजन के लिए संदर्भ आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि मान्य होगी।
6. कर्मियों को नियमानुसार मूल मानदेय के अतिरिक्त EPF तथा ESIC देय होगी।
7. संविदा के आधार पर यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी, जो बिना पूर्व सूचना के या एक माह के नोटिस पर समाप्त की जा सकती है। इस संबंध में नियमित नियुक्ति का कोई दावा मान्य नही होगा। इस प्रकार नियोजित व्यक्ति का नियोजन के पश्चात् सेवा में नियमितीकरण का कोई दावा मान्य नहीं होगा। नियोजित व्यक्ति न तो सरकारी सेवक माने जाएगे न सरकारी सेवकों के अनुमान्य किसी सुविधा के हकदार होंगे। उनका नियोजन जिला वन स्टॉप सेंटर के अधीन होगा।

Scanned with CamScanner

8. वन स्टॉप सेंटर के प्रशासनिक पद हेतु अभ्यर्थी के पास कम्प्यूटर पर कार्य करने का ज्ञान होना चाहिए।

9. विभिन्न पदों पर नियोजन उम्मीदवारों की वांछित शैक्षणिक योग्यता, कार्य अनुभव एवं अंतर्वीक्षा के आधार पर अंतिम मेधा सूची प्रकाशित होगी।

10 कार्य अनुभव में सरकारी विभाग/संस्थान/कार्यालय में कार्यानुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी।

11.सरकारी/अर्ध–सरकारी अथवा गैर–सरकारी विभाग/संस्थान/कार्यालय में कार्यानुभव की स्थिति में नियुक्ति प्राधिकार द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण–पत्र ही मान्य होगा।

12. चयन प्रक्रिया– निर्धारित योग्यता रखनेवाले उम्मीवारों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जायेगा। साक्षात्कार में भाग लेने हेतु सूचना संबंधित अभ्यर्थी को उनके आवेदन में उल्लेखित Email ID एवं जिला के NIC वेबसाइट https://lakhisarai.nic.in पर सूचना दी जाएगी। जिला पदाधिकारी कार्यालय द्वारा किसी भी अभ्यर्थी से डाक द्वारा किसी भी तरह का पत्राचार नही किया जायेगा।

13. मानदेय के आधार पर नियोजित कर्मी न तो सरकारी सेवक माने जायेंगे और न ही सरकारी सेवको के अनुमान्य किसी सुविधा के हकदार माने जायेगे। मानदेय के आधार पर नियोजित कर्मियों द्वारा सेवा के नियमितीकरण का कोई दावा मान्य नही होगा।

14. इच्छुक अभ्यर्थी आवेदित पद का उल्लेख करते हुए विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 15 दिनो तक अपना आवेदन डाक के माध्यम से कर सकते है। प्रमाण–पत्र संलग्न नही होने की स्थिति में आवेदन को प्रथम दृष्टयता निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त समय सीमा के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नही किये जायेंगे। किसी अन्य माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

15. भरे हुए आवेदन का छाया प्रति अभ्यर्थी अपने पास सुरक्षित रखेंगे।

16. अभ्यर्थी, विज्ञापन से सम्बंधित अपडेट अन्य घोषणाओं हेतू https://lakhisarai.nic.in का अवलोकन करते रहेंगे।

17. संपूर्ण चयन प्रक्रिया विभागीय मार्गदर्शिका के आलोक में की जायेगी।

18. विज्ञापन एवं सेवा शर्तो से संबंधित सभी अधिकार, जिला पदाधिकारी लखीसराय के अधीन है। जिला पदाधिकारी लखीसराय विज्ञापन को संशोधित/रद्द करने के लिए सर्वाधिकार धारित करते है।

10/01/25

जिला पदाधिकारी

लखीसराय

Scanned with CamScanner

अनुलग्नक -3

# आवेदन- प्रपत्र

विज्ञापन संख्या- ........................

स्वअभिप्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटो

1. आवेदित पद का नाम: ..........................................................
2. अभ्यर्थी का नाम: ..........................................................
3. जन्म तिथि : ..........................................................
4. माता का नाम: ..........................................................
5. पिता/ पति का नाम ..........................................................
6. आधार कार्ड नंबर ..........................................................
7. स्थायी आवास का पूरा पता (जिला के नाम के साथ):..........................................................
..........................................................
8. पत्राचार का पता: ..........................................................
..........................................................
9. श्रेणी: सामान्य ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ अति पिछड़ा वर्ग ☐
अनुसूचित जाति ☐ अनुसूचित जनजाति ☐ अन्य ☐
10. मोबाइल नंबर: ..........................................................
11. ई- मेल आईडी: ..........................................................
12. शैक्षणिक विवरणी: -

| क्र०स० | शिक्षा | विषय | उत्तीर्णता का वर्ष | प्राप्तांक | प्रतिशत | बोर्ड / विश्वविद्यालय का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैट्रिक | | | | | |
| 2 | इंटर | | | | | |
| 3 | स्नातक (प्रतिष्ठा का विषय) | | | | | |
| 4 | स्नातकोत्तर | | | | | |
| 5 | पीएचडी / अन्य | | | | | |
| 6 | कंप्यूटर योग्यता | | | | | |
| 7 | व्यवसायिक प्रशिक्षण | | | | | |
| 8 | अन्य | | | | | |

13. कार्य अनुभव :-

| क्र०स० | संस्थान का नाम | पदनाम | कार्य अवधि वर्ष / माह / दिन | कार्य विवरणी |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

14. संलग्न किये गये कागजातों की सूची:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | |
| 3 | | 4 | |
| 5 | | 6 | |
| 7 | | 8 | |
| 9 | | 10 | |

घोषणा:- उपरोक्त सभी सूचनामेरे जानकारी के आधार पर सत्य है। यदि भविष्य में कभी कोई प्रतिकूल प्रतिवेदन प्राप्त होता है तो इसके लिए मैं स्वंय जिम्मेवार रहूँगी एवं मेरे विरुद्ध नियमानुकूल कार्रवाई की जा सकती है ।

दिनांक

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर